## खबर संक्षेप

### उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में धारदार हथियार से किशोर पर हमला

**दुबेपुर ।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र की है जब दुबेपुर गांव का निवासी अभिषेक वर्मा घर लौट रहा था तभी चार-पांच लोगों ने उसे रोक लिया। उसने बताया कि उन लोगों ने वर्मा के साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की। सुलतानपुर शहर के पंचोपीरन इलाके में 17 वर्षीय एक छात्र पर चार से पांच लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार रात करीब 11 बजे कोतवाली देहात थाना क्षेत्र की है जब दुबेपुर गांव का निवासी अभिषेक वर्मा घर लौट रहा था तभी चार-पांच लोगों ने उसे रोक लिया। उसने बताया कि उन लोगों ने वर्मा के साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की। पुलिस ने बताया कि बचने की कोशिश करने पर आरोपियों ने छात्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने छात्र के गुप्तांग और शरीर के अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार से प्रहार किए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने बताया कि छात्र को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है और मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### महाराष्ट्र के जालना में झगड़े के बाद महिला ने की सास की हत्या, गिरफ्तार

**जालना।** महाराष्ट्र के जालना जिले में एक महिला ने झगड़े के बाद अपने घर में अपनी सास की कथित तौर पर हत्या कर दी और वहां से फरार हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार रात की है और पुलिस ने आरोपी महिला प्रतीक्षा शिंगारे (22) को बुधवार को परभणी शहर से गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष नोपानी ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि प्रतीक्षा का विवाह छह माह पहले आकाश शिंगारे से हुआ था। आकाश लातूर में एक निजी कंपनी में काम करता है और महिला अपनी सास सविता शिंगारे (45) के साथ जालना की प्रियदर्शनी कॉलोनी में किराए के मकान में रहती थी। पुलिस उपनिरीक्षक राजेंद्र वाघ ने बताया कि मंगलवार रात दोनों महिलाओं के बीच झगड़ा हुआ और उसी दौरान प्रतीक्षा ने कथित तौर पर अपनी सास का सिर दीवार से भिड़ा दिया और बाद में चाकू से उस पर हमला किया। इस हमले में सास की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद प्रतीक्षा ने शव को ठिकाने लगाने के लिए बैग में रखा, लेकिन वजन अधिक होने के कारण वह बैग उठा नहीं पाई और बुधवार सुबह करीब छह बजे घर से फरार हो गई। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद वह अपने पैतृक शहर परभणी के लिए ट्रेन में सवार हो गई। उन्होंने बताया कि मकान मालिक को बैग में शव मिला और उसने स्थानीय पुलिस को सूचित किया।

### चीनी सेना ने ताइवान के आसपास बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया

**चीन।** चीनी सेना ने मंगलवार को ताइवान के आसपास के जलक्षेत्र और हवाई क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के ईस्टर्न थिएटर कमान के प्रवक्ता शी यी के अनुसार इस सैन्य अभ्यास में नौसेना, वायु सेना और रॉकेट बल शामिल थे और इसका उद्देश्य ''ताइवान की स्वतंत्रता को गंभीर चेतावनी देना'' था। ताइवान के राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''चीन की जबरदस्त सैन्य उकसावेबाजी न केवल ताइवान जलडमरूमध्य में शांति के लिए खतरा है बल्कि पूरे क्षेत्र में सुरक्षा को कमजोर करती है।

# मुंबई में लॉरेंस गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच ने 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस ने बुधवार, 2 अप्रैल को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था।

क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने लॉरेंस गैंग के सदस्यों को शनिवार को हिरासत में लिया। उनके हथियार ले जाने के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है।

गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं।

दरअसल, लॉरेंस गैंग की तरफ से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में गैंग के 5 सदस्यों की गिरफ्तारी और उनके पास से हथियार बरामद होने के बाद इसे सलमान खान की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे के रूप में भी देखा जा रहा है।

## आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट, शहर में भारी बारिश की आशंका


**कर्नाटक, एजेंसी।** वहीं नॉर्थ कर्नाटक के कई जिलों में भी ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। इस अलर्ट में आंधी, बिजली गिरने और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, छिटपुट वर्षा का यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। चिकमंगलूर और हासन का अधिकतम तापमान क्रमशः सामान्य से लगभग 7.5 डिग्री और 6 डिग्री कम रहा।

बेंगलुरु में इस समय मौसम भारी बारिश का बना हुआ है। मौसम विभाग ने भारी बारिश, बादल गरज और बिजली गिरने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने बेंगलुरु के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। इस दौरान तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस नीचे गिर सकता है। बारिश के साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती है, जिससे मौसम सुहाना बना रहेगा। ये वर्षा बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवती परिसंचरण के कारण हुई है। अडिशा के तट पर दबाव में बदला है। कर्नाटक में भी अगले पांच दिनों में कई क्षेत्रों में बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान भारी गरज के साथ वर्षा होने की संभावना बनी हुई है।

वहीं नॉर्थ कर्नाटक के कई जिलों में भी ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है। इस अलर्ट में आंधी, बिजली गिरने और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, छिटपुट वर्षा का यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है।

चिकमंगलूर और हासन का अधिकतम तापमान क्रमशः सामान्य से लगभग 7.5 डिग्री और 6 डिग्री कम रहा। बीदर, बागलकोट, विजयपुरा, चित्रदुर्ग, दावणगेरे, कोडागु और मैसूर में अधिकतम तापमान सामान्य से 4 से 2 डिग्री नीचे रहा। आईएमडी की विज्ञप्ति में कुछ क्षेत्रों में बाढ़ आने की भी चेतावनी दी गई है। निवासियों और यात्रियों ने प्रभावित स्थानों के वीडियो और तस्वीरें साझा की हैं, साथ ही इंदिरानगर में अघारा फ्लाईओवर और कृष्ण मंदिर रोड पर जलभराव की खबरें भी दी हैं। बेंगलुरु में बारिश से प्रभावित इलाकों में बेलंदूर, एचएएल, सीवी रमन नगर, हुडी, केआर पुरम, कोरमंगला, मराठाहल्ली, एचएसआर लेआउट, व्हाइटफील्ड और हेनूर शामिल हैं।

## लंगूरों को तस्करी कर ले जा रही कार डिवाइडर से टकरायी, तस्कर भागे




**कटरा, एजेंसी।** कटरा पुलिस थाने के प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि कार चालक का नाम यासीन है और वाहन का मालिक वीरेश शाहजहांपुर का निवासी है। उन्होंने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। बरेली में फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंगूरों को तस्करी कर ले जा रही एक कार डिवाइडर से टकरा गई जिसके बाद तस्कर मौके से फरार हो गए। अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार तड़के करीब तीन बजे हुलासनगरा ओवरब्रिज के पास बरेली जा रही एक कार डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद कार सवार दो लोग मौके से भाग गये। उसने बताया कि पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तभी कार के अंदर एक बोरे में हलचल देखी और उसे खोला तो उसमें 10 लंगूर मिले। पुलिस ने बताया कि आठ लंगूर भाग निकले जबकि दो लंगूर घायल हालत में पाये गये जिन्हें कटरा स्थित पशु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। उनमें से एक को बरेली स्थित भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान में रेफर किया गया है।कटरा पुलिस थाने के प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि कार चालक का नाम यासीन है और वाहन का मालिक वीरेश शाहजहांपुर का निवासी है। उन्होंने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## 6,85500 रुपये की लूट, मिर्च पाउडर का इस्तेमाल

### पालघर में शादी के कार्ड की मदद से पुलिस ने लूट का मामला सुलझाया



**पालघर, एजेंसी।** बिन्नर ने अपने वैन चालक से उनकी मदद करने के लिए रुकने को कहा, क्योंकि उसे उनकी मनगढ़ंत कहानी पर विश्वास हो गया था। इसके तुरंत बाद, लुटेरों ने उस व्यक्ति और वैन चालक की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया और चालक की सीट के पीछे रखे 6,85,500 रुपये नकद लूट लिए। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने उसे धमकी भी दी कि उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, जिसके बाद तीनों की टीम फरार हो गई।

महाराष्ट्र के पालघर में पुलिस ने डकैती के मामले को सुलझाने का एक अनोखा तरीका निकाला है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि एक शादी के निमंत्रण कार्ड ने पुलिस को डकैती के मामले को सुलझाने में मदद की, जिसमें पीड़ित के भाई का अपराध में शामिल होना पाया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना 28 मार्च को जव्हार के वावर गांव के पास हुई। जिला पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने बताया कि पीड़ित की पहचान मोखाडा तालुका के खोडाला के मूल निवासी बोरू खांडू बिन्नर के रूप में हुई है। वह एक पिकअप वैन में यात्रा कर रहा था, तभी तीन लोगों ने उसे रोका और कहा कि उनकी मोटरसाइकिल खराब हो गई है। इसके बाद बिन्नर ने अपने वैन चालक से उनकी मदद करने के लिए रुकने को कहा, क्योंकि उसे उनकी मनगढ़ंत कहानी पर विश्वास हो गया था। इसके तुरंत बाद, लुटेरों ने उस व्यक्ति और वैन चालक की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया और चालक की सीट के पीछे रखे 6,85,500 रुपये नकद लूट लिए। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने उसे धमकी भी दी कि उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, जिसके बाद तीनों की टीम फरार हो गई। इसके बाद जौहर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 309(4) (डकैती) और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया।

घटनास्थल पर जांच के दौरान पुलिस को मिर्च पाउडर के निशान मिले। किस्मत अच्छी रही कि शादी का कार्ड भी मिला, जिसमें मिर्च पाउडर लिपटा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने निमंत्रण कार्ड में जिस व्यक्ति का नाम लिखा था, उसका पता लगाया और पाया कि वह चोरी में शामिल था।

## लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट की तुर्किये में इमरजेंसी लैंडिंग, 200 से ज्यादा भारतीय पैसेंजर 16 घंटे से फंसे



**लंदन, एजेंसी।** लंदन से मुंबई आ रही वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट ने तुर्किये में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। इसके चलते 200 से ज्यादा भारतीय पैसेंजर 16 घंटे से ज्यादा समय से फंसे हुए हैं।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन नंबर वीएस 358 के एक पैसेंजर को पैनिक अटैक आ गया था। इस मेडिकल इमरजेंसी के चलते तुर्किये के दियारबकिर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था। ये एयरपोर्ट ऐसी फ्लाइट की लैंडिंग के लिए उपयुक्त नहीं है। पैसेंजर्स को बताया गया कि लैंडिंग के दौरान प्लेन में टेक्निकल खामी भी आ गई।

एक पैसेंजर ने बताया कि उन्हें नहीं पता है उनकी आगे की यात्रा कैसे होगी क्योंकि वर्जिन अटलांटिक ने अब तक उनके लिए दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था नहीं की है।

## तुर्किये पुलिस ने 11 लोग हिरासत में लिए, इस्तांबुल मेयर की कैद के विरोध में किया था खरीदारी बहिष्कार

**इस्तांबुल।** तुर्किये पुलिस ने बृहस्पतिवार को 11 लोगों को हिरासत में लिया है। इन लोगों ने राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के मुख्य प्रतिद्वंदी और इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की कैद के विरोध में बीते दिन एक दिवसीय खरीदारी बहिष्कार का समर्थन किया था। सरकारी मीडिया के अनुसार, इस्तांबुल के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने 16 संदिग्धों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जिन पर घृणा और भेदभाव फैलाने का आरोप है। हिरासत में लिए गए लोगों में अभिनेता सेम यिगित उजुमोग्लू भी शामिल हैं।

संदिग्धों ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था, जिसमें लोगों से आह्वान किया गया कि वे बुधवार को पैसे खर्च न करें। साथ ही व्यवसायी से एकजुटता दिखाने के लिए अपने दरवाजे बंद करने की अपील की गई। इस पोस्ट के चलते 11 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पिछले महीने इस्तांबुल के विपक्षी मेयर एक्रेम इमामोग्लू को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल भेज दिया गया था। उनके जेल जाने के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। आलोचकों ने इमामोग्लू पर लगाए गए आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया, जबकि सरकार का कहना है कि न्यायपालिका स्वतंत्र है और इसमें राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है।

## अमेरिका में भयंकर तूफान से तबाही, एक युवक की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के राज्य अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी में भयंकर तूफान आया। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक बारिश और तूफान की संभावना जताई है। अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के बड़े इलाके में भयंकर तूफान ने भारी तबाही मचाई। इसमें एक युवक की मौत हो गई। इसके अलावा बिजली की लाइनें और पेड़ गिर गए। कई घरों की छतें तक उड़ गईं। मौसम विभाग ने देश के अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में तूफान की चेतावनी जारी की थी। अब अगले चार दिन बर्फीले तूफान और बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि तूफान से दक्षिण-पूर्व मिसौरी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं इंडियाना में एक गोदाम का हिस्सा ढह गया। एक व्यक्ति गोदाम के अंदर फंस गया। उधर, अर्कांसस में तूफान आपातकाल जारी किया गया। यहां मलबा हवा में हजारों फीट ऊपर उड़ गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में दक्षिण और मध्यपश्चिम में संभावित रूप से घातक बाढ़ का खतरा भी आने का अनुमान जताया है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि अगले चार दिनों में एक फुट से अधिक बारिश संभव है। ओक्लाहोमा स्थित तूफान पूर्वानुमान केंद्र ने बताया कि टेक्सास से मिनेसोटा और मेन तक फैले बड़े हिस्से में 90 मिलियन से अधिक लोग जोखिम में थे। मौसम सेवा ने अर्कांसस में आपातकाल जारी किया है। मौसम विज्ञानी चेली अमीन के अनुसार तूफान से उड़ा मलबा 25,000 फीट तक फैला था। आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने बताया कि बवंडर, तेज हवाएं, ओलावृष्टि और अचानक बाढ़ के कारण 22 काउंटियों में नुकसान हुआ है।

## इस्राइल ने गाजा पर रातभर किए हमले, 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत, मृतकों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल



**गाजा पट्टी, एजेंसी।** इस्राइली हमलों में 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। इनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। इस बीच, इस्राइल ने कहा है कि वह युद्ध को तब तक जारी रखेगा, जब तक कि हमास हथियार नहीं डाल देता और शेष बंधकों को नहीं छोड़ता है। दूसरी तरफ, हमास ने इस्राइल की हथियार डालने वाली मांग को अस्वीकार कर दिया है। इस्राइल ने गाजा पट्टी पर रात भर ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। खान यूनिस के अधिकारियों के अनुसार, 14 लोगों के शव नासिर अस्पताल में लाए गए हैं। इनमें से नौ एक ही परिवार के हैं। मृतकों में पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, एक से सात साल की उम्र के पांच बच्चों और एक गर्भवती महिला सहित 19 अन्य लोगों के शव खान यूनिस के पास यूरोपीय अस्पताल ले जाए गए। इसके अलावा, गाजा शहर में 21 शवों को अहली अस्पताल ले जाया गया है। इनमें सात बच्चे भी शामिल हैं।

### शेष बंधकों की रिहाई तक जारी रहेगा युद्ध

इस्राइली हमलों से एक दिन पहले, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कहा था कि इस्राइल गाजा के बड़े क्षेत्रों पर कब्जा करेगा। इसके बाद फलस्तीनी क्षेत्र में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित किया जाएगा। इस्राइल ने कहा है कि वह 18 महीने से चल रहे युद्ध को तब तक जारी रखेगा, जब तक कि आतंकवादी समूह हमास अपने हथियार नहीं डालेगा और शेष बंधकों को रिहा नहीं करेगा। इसके अलावा, इस्राइल ने भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता के सभी आयातों पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है, जिससे आपूर्ति कम होने के कारण नागरिकों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## ग्रीक द्वीप के पास प्रवासियों से भरी नाव पलटी, चार की मौत, 23 को बचाया, बचाव अभियान जारी



**तुर्की, एजेंसी।** ग्रीस के तट रक्षक ने बताया कि एक नाव बृहस्पतिवार सुबह उस समय पलट गई, जब वह तुर्की तट से प्रवासियों को लेकर ग्रीक द्वीप जा रही थी। हादसे में चार लोगों की मौत हुई है, जिनमें दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा, 23 लोगों को बचा लिया गया है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हादसे में कितने लोग लापता हैं।

ग्रीस में तुर्की तट से प्रवासियों को लेकर ग्रीक द्वीप जा रही एक नाव बृहस्पतिवार सुबह पलट गई। ग्रीस के तट रक्षक ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो महिलाएं और दो बच्चे- एक लड़का व एक लड़की शामिल हैं, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा, 23 लोगों को बचा लिया गया है। तट रक्षक के अनुसार, लेसबोस द्वीप के उत्तरी तट पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में मौसम साफ था। इसके बाद भी नाव पलटने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। नाव पर कितने लोग सवार थे, उनकी राष्ट्रीयता क्या थी, वह किस तरह के जहाज का इस्तेमाल कर रहे थे। इस बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। ग्रीस के तट रक्षक के अनुसार, समुद्र और जमीन पर खोज-बचाव अभियान चलाया जा रहा है। बचाव अभियान में तीन तट रक्षक जहाज, वायु सेना का एक हेलीकॉप्टर, और एक नाव शामिल हैं, जो हादसे के पीड़ितों की लगातार तलाश कर रहे हैं। हालांकि, कितने लोग लापता हैं। इसके बारे में अभी कोई स्पष्ट रिपोर्ट नहीं मिल पाई है।